


नवभारत
भोपाल, सोमवार 22 जून, 2026


### एक नजर में

#### हत्या के 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा 21 जून, का.** ग्राम मोकमपुरा में विवाह कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, उक्त घटना के चारों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है . थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है .घटना बीते 12 जून की है . ग्राम मोकमपुरा के असलम खान की लड़की की शादी समारोह में दो पक्षों के बीच नाच गाने के समय धक्का मुक्की को लेकर विवाद हो गया था जिस पर लड़ाई बढ़ी और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई . मारपीट में घायल हाकिम पिता मोहम्मद खान निवासी ब्लू मून कॉलोनी भोपाल के साथ लठ से मारपीट हुई थी जिसमें उसके दाहिने पैर की जांघ में एवं सर में चोट होना पाया गया था जिसको डॉक्टर द्वारा भोपाल रेफर कर दिया गया था . घायल के परिजन उसका भोपाल के एबीएम प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार करवा रहे थे . 19 जून को हाकिम खान की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई . पीएम रिपोर्ट में मृत्यु ठोस वस्तु से सर में चोट आने से होना पाया गया . उपलब्ध साक्ष्यों, मर्ग इंटीमेशन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण में धारा में इजाफा कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में सद्दाम पिता नूर मोहम्मद खान, पप्पू पिता नूर मोहम्मद खान निवासी गोवर्धनपुरा, आसिफ पिता अंसार खान और आसिफ पिता आयीन खान निवासी ब्लू मून कॉलोनी भोपाल शामिल है .

# छावनी बने परीक्षा केन्द्र, कलावा, ब्रेसलेट उतरवाए

## जिले में 11 केन्द्रों पर 1700 परीक्षार्थियों ने दी नीट री-एग्जाम, पुलिस का पहरा रहा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 जून, का. बीते दिनों नीट का पर्चा लीक होने के बाद फिर से इसकी परीक्षा आयोजित की गई. जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर 1761 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी. मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट री एग्जाम 2026 परीक्षा रविवार को चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच की गई. परीक्षा केन्द्र जहां छावनी में तब्दील नजर आए वहीं परीक्षा कक्ष में जाने से पहले विद्यार्थियों से हाथ का कलावा, ब्रेसलेट, घड़ी के साथ मोजे भी उतरवाए गए. सुरक्षा को बेहद चौकस रखा गया.**

सुबह 11 बजे से शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया के दौरान केंद्रों पर विद्यार्थियों और उनके परिजनों की भीड़ देखने को मिली. वहीं दोपहर 1.30 बजे प्रवेश का समय समाप्त होने से कुछ मिनट पहले कई छात्र दौड़ते हुए केन्द्रों पर पहुंचे. समय पर केंद्र में प्रवेश पाने की चिंता उनके चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी.



परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चली. निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया. प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की पहचान जांच, दस्तावेज सत्यापन और फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूरी की गई. वहीं पूरे समय पुलिस का काफी कड़ा पहरा परीक्षा केन्द्रों पर देखा गया. गर्मी उसम के मौसम को देखते हुए एम्बुलेंस की तैनाती भी परीक्षा केन्द्रों के समीप रखी गई थी.



### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया है . केंद्रों के भीतर और बाहर निगरानी रखी जा रही है . परीक्षा शुरू होने से पहले सभी केंद्रों के बाहर हलचल का माहौल रहा. अभ्यर्थी अंतिम समय तक अपने प्रवेश पत्र और जरूरी दस्तावेजों की जांच करते नजर आए . कई अभिभावक भी बच्चों को केंद्र तक छोड़ने पहुंचे . प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ नहीं लगाने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं . इसके अलावा जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने भी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण किया . एक दिन पूर्व भी मॉक टेस्ट केन्द्रों का किया गया था .



# रास्ते के विवाद में महिलाओं से मारपीट, 5 पर प्रकरण दर्ज

## ग्राम काशीखेड़ी का मामला, गांव में बल तैनात किया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 21 जून, सं. नगर के समीपवर्ती गांव काशीखेड़ी में रास्ते के पुराने विवाद ने रविवार दोपहर मारपीट जातिसूचक शब्द गाली गलौज में तब्दील हुआ मामला प्रकरण दर्ज. यहां एक महिला और उसके परिवार पर गांव के लोगों ने हमला कर दिया. पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और एससी एसटी एक्ट की धाराओं में 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी संगीता बाई पति पप्पू भिलाला ने पुलिस को बताया कि 21 जून को दोपहर करीब 1.30 बजे वह घर के बाहर पानी की टंकी पर नहाने की तैयारी कर रही थी. साथ में सास कैलाश बाई, ननद पूजा, बहू भावना और बेटा अजय भी मौजूद थे. इसी दौरान पुराने रास्ते के विवाद के चलते कहासुनी गाली गलौज मारपीट हुई. आरोप है कि कुशाल, हेमराज, रायसिंह, प्रेमसिंह, शंभूलाल दांगी और उनके परिवार के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया.

संगीता बाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं, धमकी दी और कहा-तुम लोगों को गांव में नहीं रहने देंगे. हमले में घर के बाहर लगे कैमरे और दरवाजे को भी नुकसान पहुंचाया गया. हमले में पप्पू भिलाला की पत्नी संतोष बाई उम्र 35 साल और मां कैलाशबाई उम्र 70 साल, पुत्र अजय उम्र 25 साल, भानेज पूजा उम्र 20 साल घायल हो गए. जिन्हें पुलिस की मदद से सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार दौरान डॉक्टरों ने गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296(ड्ड), 115(2), 351(3), 3(5), 324(2) के साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(1ड्ड) के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

### गांव में तनाव का माहौल

घटना के बाद से काशीखेड़ी गांव में तनाव है. फरियादी पक्ष ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी है.

### प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला

**राजगढ़ 21 जून, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत आयोजित जनकल्याणकारी गतिविधियों की श्रृंखला में प्राकृतिक खेती विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया . कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों को प्राकृतिक खेती के महत्व तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है .

# नशे में बाइक चलाई, दुर्घटना में 7 साल की मासूम बेटी की मौत

## राजगढ़ के समीप हादसे में 7 वर्षीय बेटी की मौके पर मौत, घायल पिता का अस्पताल में इलाज जारी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 जून, का. फादर्स डे से एक दिन पूर्व एक पिता के लिए उसकी लापरवाही बुरी खबर में तब्दील हो गई. परिवार को साथ लेकर नशे में बाईक चलाने के कारण उसने अपनी 7 साल की बेटी को खो दिया. हादसा कालीपीठ ओर राजगढ़ के बीच हुआ. कालीपीठ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. बच्ची का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पिता शराब के नशे में बाइक चला रहा था और उसकी तेज रफ्तार बाइक महाबल गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार से टकरा गई. बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई.**

प्रेमपुरा निवासी देवीसिंह तंवर (30) अपनी 7 वर्षीय बेटी मोंटी के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे. महाबल गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गई. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल देवीसिंह व बच्ची को जिला अस्पताल राजगढ़ ले गई. अस्पताल में चिकित्सकों ने मोंटी को मृत घोषित कर दिया. घायल देवीसिंह का उपचार जारी है. डॉक्टरों ने पुष्टि की कि देवीसिंह शराब के नशे में था.


